समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 26 August 2026

# 5 KM से दूर है स्कूल तो यूपी सरकार छात्रों के खाते मे भेजेगी 6000 रुपये, जानिए कैसे मिलेगा योजना का लाभ।

Publisher

Published on 14 Jul 2025



**उत्तर प्रदेश सरकार का बड़ा फैसला : अब दूर-दराज स्कूल जाने वाले छात्रों को हर साल ₹6000 की यात्रा सहायता, जाने फॉर्म भरने से लेकर पैसा पाने तक की पूरी प्रक्रिया।**

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश सरकार ने **दूर-दराज के इलाकों मे पंढ़ाई कर रहे छात्रों के लिए एक अहम योजना** की शुरुआत की है। अब जिन छात्रों का सरकारी स्कूल उनके घर से 5 किलोमीटर या उससे अधिक दूरी पर है, उन्हें हर साल **₹6000 की यात्रा सहायता** दी जाएगी। इस फैसले से न केवल आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को राहत मिलेगी, बल्कि **स्कूल ड्रॉपआउट** की दर भी कम होगी।

**किन छात्रों को मिलेगा इस योजना का लाभ ?**

यह योजना फिलहाल **बुंदेलखंड** और **सोनभद्र** जैसे दूरस्थ क्षेत्रों के छात्रों के लिए लागू की गई है। इसे उत्तर प्रदेश के **7 जिलों** — **झांसी, चित्रकूट, जालौन, हमीरपुर, महोबा, बांदा और सोनभद्र** में लागू किया गया है।

**योजना से लाभान्वित होने वाले छात्र:**

१. **कक्षा 9वीं से 12वीं तक पढ़ने वाले छात्र**

२. **जिनके घर से कोई सरकारी स्कूल 5 KM के दायरे मे नंहीं है**

३. **प्रधानमंत्री श्री योजना के तहत चयनित 146 सरकारी स्कूलों की छात्राएं भी इस योजना मे शांमिल होंगी**

**कैसे मिलेगा ₹6000 का लाभ**?

छात्रों को योजना का लाभ पाने के लिए एक निर्धारित फॉर्म भरना होगा। यह प्रक्रिया इस प्रकार है:

**१. छात्र फॉर्म मे यंह घोषणा करेगें कि उनके 5 किमी के भीतर कोई सरकारी स्कूल नहीं है**

**२. फॉर्म की प्रामाणिकता की जांच गांव के प्रधान और स्कूल प्रिंसिपल करेगें**

**३. इसके बाद नगर पार्षद द्वारा अंतिम सत्यापन किया जाएगा**

**४. सभी दस्तावेज़ों की पुष्टि होने के बाद, ₹6000 की राशि सीधे छात्र के बैकं खाते मे ट्रांसफर की जाएगी**

**योजना के नियम और शर्ते**

**१. छात्र को योजना का लाभ तभी मिलेगा जब वह स्कूल मे नियमित रूप से उपस्थित रहेगा**

**२. पिछली कक्षा के मुकाबले कम से कम 10% अधिक उपस्थिति होनी अनिवार्य है**

**३. यह राशि साल मे एंक बार ट्रांसफर की जाएगी**

**४. इस योजना से खासकर गांव की बेटियों को स्कूल पहुंचने मे संुविधा होगी, और वे बिना रुकावट अपनी पढ़ाई पूरी कर सकेगी।**

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.